बिहार सरकार

सिविल सर्जन कार्यालय, लखीसराय।

E-Mail ID – cslakhisarai96@gmail.com, Mob. No.-9470003417

पत्रांक-941/ दिनांक- 6.7.2020

प्रेषक,

सिविल सर्जन,
लखीसराय।

सेवा में,

निदेशक
सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :- विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत कोरोना वायरस (COVID-19) के प्रबंधन हेतु Lab-Technician के पद पर चयन हेतु स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन का प्रकाशन कराया जाना है।

अतः अनुरोध है कि पत्र के साथ संलग्न विज्ञापन प्रारूप को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक-विज्ञापन का प्रारूप (हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में)

विश्वासभाजन,

6/7/20

सिविल सर्जन,
लखीसराय।

Scanned with CamScanner

सिविल सर्जन कार्यालय– लखीसराय

संविदा के आधार पर चयन हेतु वाक–इन–इन्टरव्यू

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत कोरोना वायरस (COVID-19) के प्रबंधन हेतु Lab-Technician के पद पर राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में संविदा/मानदेय के आधार पर नियोजन के लिए निम्नांकित रिक्तियों के विरूद्ध वाक–इन–इन्टरव्यू आयोजित किया जा रहा है :–

क्रम सं0	पद का नाम	रिक्ति/ कोटि	योग्यता	अधिकतम मानदेय (प्रतिमाह)	वाक–इ–इन्टरव्यू की तिथि	स्थान
1	Lab-Technician	कुल रिक्ति– 05 अनारक्षित– 02 अनारक्षित महिला– 01 अत्यन्त पिछड़ा वर्ग – 01 अनुसूचित जाति– 01	अनिवार्य योग्यता– आई0एस0सी0 (10+2) विज्ञान के साथ एवं एम0एल0टी0 के समकक्ष डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स।	12000	18.07.2020 को पूर्वाहन 11 बजे	जिला पदाधिकारी, लखीसराय के कार्यालय प्रकोष्ठ में

चयन का आधारः–

वाक–इन–इन्टरव्यू में प्राप्त अंक ही चयन का आधार होगा।

- अनुबंध पर कर्मियों का कोई नियोजन नहीं होगा बल्कि स्वीकृत मानदेय के विरूद्ध नियत अवधि के लिए अनुबंधित किया जायेगा।
- चयनित कर्मियों को इस आशय का Indemnity Bond भरना होगा कि वे सरकारी सेवा का दावा नहीं करेंगें।
- आवेदक सभी आवश्यक प्रमाण–पत्रों यथा शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, किसी फौजदारी मुकदमें में दण्डित नहीं होने के आशय का शपथ–पत्र, जन्म तिथि से संबंधित मैट्रिकुलेशन प्रमाण–पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति (स्व–अभिप्रमाणित) तथा पासपोर्ट आकार का स्व–अभिप्रमाणित फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर वाक–इन–इन्टरव्यू में भाग ले सकते हैं।
- संविदा अवधि योगदान की तिथि से माह अगस्त 2020 की समाप्ति तक के लिए होगा एवं कार्य असंतोषप्रद रहने पर सेवा समाप्ति का पूर्ण अधिकार समिति को सुरक्षित होगा।
- अभ्यर्थी की आयु सीमा दिनांक–31.05.2020 के अनुसार निर्धारित की जायेगी। उम्रः– न्यूनतम 21 वर्ष, अधिकतम :– (क) अनारक्षित पुरूष 37 वर्ष, (ख) अनारक्षित महिला 40 वर्ष (ग) अत्यंत पि0व0 (पुरूष/महिला) 40 वर्ष एवं (घ) अनुसूचित जाति (महिला/पुरूष) 42 वर्ष।
- बिना कारण बताये विज्ञापन रद्द/अस्वीकार करने का अधिकार स्वास्थ्य विभाग, लखीसराय के पास सुरक्षित रहेगा।
- कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए नियुक्ति संबंधी नियमों एवं शर्तो को शिथिल एवं संशोधित करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा।

सिविल सर्जन,
लखीसराय।

जिला पदाधिकारी,
लखीसराय।

Scanned with CamScanner